## न्यूज ब्रीफ

### अगवा करने का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बंडा थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय ने बताया कि अभियुक्त संजय सिंह निवासी हाथरस 21 फरवरी को एक किशोरी को अगवा करके ले गया था। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया था। पुलिस ने किशोरी का डॉक्टरी परीक्षण कराया था। पुलिस ने फरार आरोपी संजय को गिरफ्तार कर लिया और चालान कर दिया।

### फरार चल रहे आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि निमेष कुमार निवासी अजीजगंज चौक कोतवाली ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया था कि बदायूं के मीजमपुर निवासी शिवम और यारपुर तहसील सदर निवासी अवनीश सिंह ने उसके छोटे भाई की पत्नी रुचि व गुड़िया देवी को फर्जी व कूटरचित दस्तावेज तैयार कर कृषि भूमि का फर्जी बैनामे करवाने के नाम पर रुपये हड़प लिए। विवेचना में शेखर निवासी जलालाबाद ने फर्जी आधार कार्ड, पेन बनवाकर खुद को शिवम बताकर बैनामा कराया। पुलिस ने आरोपी शेखर को गिरफ्तार कर लिया।

### एसपी से शिकायत रिपोर्ट दर्ज करने की मांग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के लालबाग निवासी विनोद गुप्ता ने एसपी को प्रेषित पत्र में बताया कि वो विकलांग हैं। उनके बेटे के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी थी। आरोप है कि जब वो शिकायत करने के लिए थाने गए तो हल्का दरोगा ने उल्टे उन्हें थाना में बैठा लिया। बाद में दूसरे पक्ष को बुलाया गया। पुलिस ने दूसरे पक्ष पर कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद रात नौ बजे दरोगा ने उनसे समझौता नामा पर अंगूठा लगवा लिया और छोड़ने के नाम पर दो हजार रुपए ले लिए। किसी से शिकायत करने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। विनोद ने एसपी से मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। कार्यवाहक थाना प्रभारी कैलाश चंद्र ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच मारपीट तो हुई थी। सुविधा शुल्क लेने के मामले में शिकायत आने पर जांच कराई जाएगी।

### परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** एसपी राजेश द्विवेदी ने यूपीएसआई परीक्षा को लेकर पुलिस कर्मचारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए।

# गैस की किल्लत के बीच पंपों पर खत्म होने लगा पेट्रोल

## पुवायां रोड स्थित किसान पेट्रोल पंप पर गुरुवार सुबह खत्म हुआ पेट्रोल, केवाईसी कराने को गैस एजेंसियों पर उमड़ रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



गैस एजेंसियों और गोदामों का निरीक्षण करते एडीएम वित्त एवं राजस्व, डीएसओ।



बृहस्पतिवार को पशुपतिनाथ गैस एजेंसी पर केवाईसी कराते उपभोक्ता।



पंप पर बृहस्पतिवार को पेट्रोल पंप खत्म हो जाने पर खाली बैठा कर्मचारी।

**अमृत विचार :** जिले में गैस की किल्लत के बीच पंपों पर भी पेट्रोल खत्म होने लगा है। पुवायां रोड स्थित किसान पेट्रोल पंप पर गुरुवार सुबह पेट्रोल खत्म हो गया। हालांकि महानगर के अन्य पंपों पर पूरे दिन पेट्रोल मिलता रहा। वहीं, केवाईसी कराने को गैस एजेंसियों पर उपभोक्ता उमड़ रहे है। गैस बुक न होने की समस्या दूसरे दिन भी बनी रही। एडीएम वित्त एवं राजस्व, जिला पूर्ति अधिकारी व इण्डियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बिक्री प्रबंधक ने संयुक्त रूप से शहर की तीनों एजेंसियों का औचक निरीक्षण किया। उन्हें किसी भी गैस एजेंसी पर गैस सिलेंडर स्टॉक में कोई अनियमितता नहीं मिली।

बृहस्पतिवार को पेट्रोलियम पदार्थों की कमी की अफवाहों के चलते लोगों में भय और बेचैनी दिखाई दे रही है। लोग सुबह से ही पेट्रोल पंपों पर पहुंच गए और दुपहिया और चौपहिया वाहनों में पेट्रोल भरवाया। कई पेट्रोल पंपों पर बोतल में तेल न देने के आदेश लिखे तो थे, लेकिन कर्मचारी बोतलों और केन में पेट्रोल देते दिखाई दिए। कर्मचारियों ने बताया कि पेट्रोलियम पदार्थों की किल्लत की खबरों के कारण पांच से दस लीटर तक पेट्रोल खरीद रहे हैं। वहीं यही हाल डीजल से चलने वाले वाहनों का भी है। गैस संकट के बीच सिलेंडरों की काला बाजारी की भी शिकायतें मिल रही हैं। एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी गैस बुक नहीं हो रही थी। उसका गैस सिलेंडर खत्म हो गया था। उसे कहीं से सिलेंडर नहीं मिल रहा था। तब उसे मजबूरी में 1800 रुपये में सिलेंडर खरीदना पड़ा। इस तरह की खबरें हवा में तैर रही हैं। हालांकि अधिकारी सिलेंडरों की काला बाजारी की शिकायतों को गलत बता रहे हैं। जिला पूर्ति अधिकारी चमन शर्मा ने बताया कि जिले में 7 लाख 25 हजार 282 घरेलू कनेक्शन और 1012 कमर्शियल कनेक्शन हैं। उपभोक्ता नियमानुसार अपनी ई केवाईसी कराकर गैस की ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं और गैस रिफिल प्राप्त कर सकते हैं। सभी गैस एजेंसियों पर 10 मार्च से गुरुवार तक गैस बुकिंग कराने वाले उपभोक्ताओं को 26037 गैस सिलेंडर की डिलीवरी की जा चुकी है।

**होटल, रेस्टोरेंट चलाने वालों की आई मुसीबत :** शहर में होटल, रेस्टोरेंट चलाने वालों के लिए गैस संकट बड़ी मुसीबत बनकर आया है। पिछले दो दिनों में शहर के कई होटल, रेस्टोरेंट बंद कर दिए गए। संचालकों का कहना है कि गैस नहीं मिल पा रही है। ऐसे में होटल, रेस्टोरेंट कैसे चलाएं। उनके सामने रोजी रोटी का भी संकट पैदा हो गया है। उपभोक्ताओं को घरों पर गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। इस कारण उपभोक्ताओं को गैस गोदामों पर जाकर लाइन में लगना पड़ रहा है। लंबी लाइनों में लगे लोग परेशान हो रहे हैं। लोग अपने दूसरे कामकाज छोड़कर गैस सिलेंडर लेने एजेंसी पर लाइन में लगे हैं।

### एडीएम प्रशासन और डीएसओ ने किया एजेंसियों और गोदामों का निरीक्षण

एडीएम वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी व इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड के बिक्री प्रबंधक ने संयुक्त रूप से मै0 सतकरतार इण्डेन गैस एजेंसी, टाउन हॉल, मै0 रोहित इण्डेन गैस एजेंसी व मै0 शाहजहांपुर गैस एजेंसी मोहल्ला केरूगंज का औचक निरीक्षण किया। किसी भी गैस एजेंसी पर गैस सिलेंडर स्टॉक में किसी प्रकार की कोई अनियमितता नहीं मिली। एडीएम प्रशासन अरविंद कुमार ने बताया कि गैस एजेंसियों पर गैस सिलेंडर का पर्याप्त मात्रा में स्टॉक उपलब्ध है।

### एजेंसियों पर जुटी भीड़

पश्चिम एशिया के तनाव के चलते गैस की किल्लत में लोग हलकान हो रहे हैं। मोबाइल से गैस बुक न होने पर लोग एजेंसियों पर पहुंचने लगे। एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की भीड़ लग रही है। दर्जनों की संख्या में उपभोक्ताओं की भीड़ के कारण एजेंसियों पर अफरातफरी का माहौल है। रोहित गैस एजेंसी, पशुपतिनाथ गैस एजेंसी, सत करतार गैस एजेंसी पर सुबह से लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। केवाईसी न होने से ग्राहकों का कर्मचारियों से नोकझोंक होती रही।

### तेल खत्म सुनकर बढ़ी बेचैनी

बृहस्पतिवार को सुबह दस बजे पुवायां रोड पर किसान फिलिंग स्टेशन पर जब पेट्रोल - डीजल लेने पहुंचे तो कर्मचारी ने उन्हें फ्यूल न होने की बात कह दी। एक कर्मचारी ने बताया कि पंप पर रात में ही फ्यूल खत्म हो गया था। ऊपर सूचना दे दी गई है। अगर आज फ्यूल मिला तो ठीक, नहीं तो दो दिन लग सकते है। पंप पर तेल खत्म होने की बात सुनकर उपभोक्ताओं की बेचैनी बढ़ गई। लेकिन जब लोग दूसरे पंप पर पहुंचे तो फ्यूल आराम से मिल रहा था।

## बैठक में की गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग

- राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ की बैठक में उठाया मुद्दा

**तिलहर, अमृत विचार :** तिलहर तहसील क्षेत्र के गांव कसरक स्थित एक मैरिज लान में गुरुवार शाम राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पंडित अजीत शर्मा ने की।

बैठक में संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने गाय को राष्ट्रमाता घोषित किए जाने की मांग को लेकर प्रदेशभर में ज्ञापन देने की रणनीति बनाई। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एक ही दिन और एक ही समय पूरे प्रदेश में तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया जाएगा, जो राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री और राज्यपाल को संबोधित होगा। उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में लोग अपनी-अपनी तहसील पर पहुंचकर इस अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने बताया कि मथुरा के संत ठाकुर महाराज के आह्वान पर संगठन ने यह निर्णय लिया है कि प्रदेशभर में एक साथ ज्ञापन देकर गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने की मांग उठाई जाएगी।

# नगर आयुक्त ने वार्डों का किया भ्रमण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



कार्यक्रम के तहत वार्डों में भ्रमण करते नगर आयुक्त व पार्षद। ● अमृत विचार

- विश्व महिला दिवस सप्ताह के अंतर्गत वार्डों में चलाया विशेष स्वच्छता अभियान

**अमृत विचार :** नगर निगम की ओर से विश्व महिला दिवस सप्ताह के अंतर्गत निर्धारित कार्यक्रमों की श्रृंखला में बृहस्पतिवार को प्रातः 9 बजे से वार्ड संख्या 17 आवास विकास कॉलोनी व वार्ड- 59 हाथी थान में विशेष स्वच्छता अभियान एवं जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

यह कार्यक्रम नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र के मार्गदर्शन में हुए कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छ सर्वेक्षण 2025–26 को दृष्टिगत रखते हुए शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करना तथा आम नागरिकों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित समाधान की दिशा में कार्य करना है। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम की टीम द्वारा चिन्हित स्थलों पर व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया गया तथा स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि स्वच्छ और सुंदर शहर के निर्माण में जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है, इसलिए सभी लोग स्वच्छता के प्रति जागरूक रहें और नगर निगम के प्रयासों में सहयोग प्रदान करें।

कार्यक्रम के समय संबंधित जोनल अधिकारी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक तथा क्षेत्रीय पार्षद चित्रा सक्सेना व शहाना उपस्थित रही। अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। साथ ही एनिमेटर की टीम भी उपस्थित रही।

## जुमा अलविदा की नमाज आज पुलिस अलर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रमजान माह के अंतिम शुक्रवार को होने वाली अलविदा की नमाज को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। अलविदा की नमाज को शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के सभी इंतजाम और आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

सीओ सिटी पंकज पंत के बताया कि क्षेत्र की जामा मस्जिद समेत लगभग सभी प्रमुख मस्जिदों पर पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि कहीं भी किसी प्रकार की अव्यवस्था या अफवाह फैलने की स्थिति न बने। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मियों को अपने-अपने ड्यूटी प्वाइंट पर सतर्क रहने और नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# गैस की किल्लत से उपभोक्ता परेशान

संवाददाता, तिलहर



तिलहर गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने के लिए लगी उपभोक्ताओं की लंबी लाइन।

- तिलहर गैस एजेंसी पर सिलेंडर न मिलने से लगी लंबी लाइन

**अमृत विचार :** नगर क्षेत्र स्थित तिलहर गैस एजेंसी पर इन दिनों गैस की किल्लत से उपभोक्ता परेशान हैं। सुबह एजेंसी खुलने से पहले ही महिला और पुरुष सिलेंडर लेने के लिए लाइन में लग रहे हैं, लेकिन सर्वर खराबी का हवाला देकर उन्हें वापस लौटाया जा रहा है। समस्या दूर न होने पर कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

उपभोक्ताओं का कहना है कि एजेंसी पर सिलेंडर का स्टॉक होने की बात कही जा रही है, लेकिन सर्वर न चलने के कारण बुकिंग की स्लिप नहीं निकल पा रही और सिलेंडर नहीं दिया जा रहा। सुबह एजेंसी खुलने के बाद कुछ देर तक कर्मचारियों ने काम शुरू किया, लेकिन सर्वर ने काम करना बंद कर दिया। इसके बाद कर्मचारियों ने उपभोक्ताओं को यह कहकर वापस कर दिया कि नेटवर्क चालू होने पर ही स्लिप निकलेगी और तभी सिलेंडर दिया जाएगा। रमजान माह के चलते कई महिलाएं भी अपने परिवार के लिए सिलेंडर लेने पहुंचीं, लेकिन उन्हें भी निराश होकर लौटना पड़ा। लोगों का कहना है कि टोल फ्री नंबर से भी गैस बुक नहीं हो रही या बुक होने के बाद एजेंसी पर स्लिप नहीं निकल रही। एजेंसी परिसर में गैस सप्लाई करने वाले वाहन भी खड़े दिखाई दिए और मुख्य गेट पर खड़ी पिकअप गाड़ी भी खाली रही। उपभोक्ताओं की परेशानी को देखते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व नगर अध्यक्ष व पूर्व नगर पालिका सभासद चांद अंसारी ने चेतावनी दी कि यदि गैस की समस्या जल्द दूर नहीं हुई तो कांग्रेस पार्टी गैस एजेंसी पर धरना प्रदर्शन करेगी। तिलहर गैस एजेंसी संचालक अशोक सिंह के फोन नंबर पर संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। इस संबंध में एसडीएम सदानंद सरोज से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि समस्या जगजाहिर है और इसके बारे में संबंधित विभाग डीएसओ से जानकारी ली जा सकती है।

# धर्म की स्थापना को भगवान लेते हैं अवतार : अंकुर शुक्ल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- राधाकृष्ण मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में बोले कथाव्यास

**अमृत विचार :** श्रीबालाजी मानस सेवा समिति के तत्वावधान में रामनगर कॉलोनी स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस कथाव्यास आचार्य अंकुर शुक्ल ब्रजराजदासदास ने भगवान श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

कथा के दौरान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। कान्हा के जन्म की खुशी में पूरा पंडाल गुब्बारों, बच्चों के खिलौनों और टॉफियों से सजाया गया, जिससे पूरा पंडाल नंद भवन जैसा प्रतीत हो रहा था। कथाव्यास ने भजन 'नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की' और 'नंदलाल प्रगट भये आजु बिरज में लड्डूवा बटे' सुनाया तो श्रद्धालु झूम उठे और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से पंडाल गूंज उठा। इस अवसर पर भक्तों को बधाई स्वरूप खिलौने, टॉफी, बिस्किट, फल और मिठाई सहित अन्य सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम में डॉ. सत्य प्रकाश मिश्रा, अभिषेक सक्सेना, अखिलेश सक्सेना, चंद्रमोहन, मनोज बाजपेई, लाजपत राय बत्रा, दिनेश गोगिया, राजकुमार, श्याम कपूर, बिन्नू गोपाल, जुगल तनेजा, रूपेश तनेजा, अशोक सचदेवा, प्रधान बिट्टू लाल, आशू मिश्रा, दीपक गोगिया, राजमाता श्याम, अनीता, ओमप्रकाश सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया।

## कचहरी गेट से युवक गिरफ्तार तमंचा बरामद

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार पुलिस ने कचहरी गेट पर तलाशी के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से तमंचा, कारतूस, एक लाख 20 हजार रुपये और फोन बरामद किया है।

सदर बाजार थाना के उप निरीक्षक सुशील कुमार फोर्स के साथ कचहरी गेट नंबर दो पर चेकिंग कर रहे थे।

उन्होंने एक युवक की तलाशी ली तो उसके पास से तमंचा, कारतूस, मोबाइल फोन और एक लाख 20 हजार रुपये बरामद किए है। पकड़ा गया अभियुक्त आलोक सिंह निवासी भुआपुर थाना पचदेवरा जिला हरदोई है। पुलिस अभियुक्त से पूछताछ कर रही है।

# टाउनशिप के लिए भूमि क्रय करेगा शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- किसानों की सहमति से 25 एकड़ से अधिक भूमि लेने की तैयारी

**अमृत विचार :** नव सृजित शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण अपनी टाउनशिप विकसित करने के लिए प्राधिकरण सीमा के भीतर भूमि क्रय करेगा। इसके लिए किसानों से सहमति और समझौते के आधार पर भूमि लेने की योजना बनाई गई है।

प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में इस प्रस्ताव पर सैद्धांतिक सहमति बन चुकी है। सचिव अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि प्राधिकरण सीमा के भीतर किसानों से सीधे भूमि खरीदी जाएगी। भूमि अर्जन की कार्रवाई किसानों की सहमति, समझौते अथवा अर्जन के माध्यम से की जाएगी। उन्होंने बताया कि न्यूनतम 25 एकड़ और अधिकतम एक स्थान पर कॉम्पैक्ट एरिया में जितनी भूमि उपलब्ध होगी, उसी के अनुसार टाउनशिप विकसित करने की कार्रवाई की जाएगी। प्राधिकरण का उद्देश्य व्यवस्थित ढंग से आधुनिक सुविधाओं वाली टाउनशिप विकसित करना है। प्राधिकरण की ओर से बताया गया है कि कोई भी व्यक्ति या खातेदार, जो भूमि का स्वामित्व रखता हो और न्यूनतम 25 एकड़ या उससे अधिक भूमि उपलब्ध करा सकता हो, वह अपना प्रस्ताव दे सकता है। प्रस्ताव के साथ आवेदनकर्ता को यह स्पष्ट करना होगा कि जिलाधिकारी की ओर से वर्तमान वर्ष के लिए निर्धारित भूमि मूल्यांकन के कितने गुणा मूल्य पर वह अपनी भूमि प्राधिकरण को देने का प्रस्ताव कर रहा है। यह तथ्य प्रस्ताव में स्पष्ट रूप से अंकित करना आवश्यक होगा।

आवेदनकर्ता को यह भी जानकारी देनी होगी कि प्रस्तावित भूमि किसी भी न्यायालय में चल रहे वाद में सम्मिलित नहीं है। इसके साथ ही यह घोषणा भी करनी होगी कि भूमि कहीं बंधक नहीं है और न ही उसके संबंध में किसी पक्ष के साथ कोई एग्रीमेंट किया गया है। भूमि के नियम संगत अभिलेख जैसे खतौनी आदि संलग्न करते हुए बंद लिफाफे में प्रार्थना पत्र के साथ सचिव, शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण कार्यालय में 31 मार्च तक प्रस्ताव जमा किया जा सकता है।

# श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** चित्रा टाकीज में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस कथा व्यास डॉ. दामोदर दीक्षित ने श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का विस्तार से वर्णन किया। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से कथा का श्रवण किया।

कथा का आरंभ करते हुए कथा व्यास ने गोचारण लीला के माध्यम से श्रीकृष्ण की मिट्टी खाने की लीला का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब ग्वालवालों ने माता यशोदा से कृष्ण के मिट्टी खाने की शिकायत की तो कृष्ण ने मना कर दिया। जब माता ने उनका मुंह खुलवाया तो उसमें पूरा ब्रह्माण्ड दिखाई दिया। यह देखकर यशोदा को विश्वास हो गया कि उनका पुत्र पूर्ण ब्रह्म है। कथा में आगे बताया गया कि एक बार ब्रह्मा ने सभी गायों और बछड़ों का अपहरण कर लिया। तब भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं सभी गायों और बछड़ों का रूप धारण कर उन्हें ज्यों का त्यों बना दिया। एक वर्ष बाद जब ब्रह्मा लौटे तो यह देखकर आश्चर्यचकित रह गए और भगवान की स्तुति कर क्षमा याचना की। मंच संचालन आचार्य रामानंद दीक्षित ने किया। कार्यक्रम में साध्वी रमा मिश्रा और व्यास अवधेश दीक्षित की उपस्थिति रही। कथा क्रम में मुख्य यजमान कमलेश कुमार खन्ना ने व्यास और अन्य विद्वानों का माल्यार्पण कर स्वागत व पूजन किया। इस दौरान ध्रुव नारायण मेहरा, सुधा मेहरा, सोमनाथ कपूर, सरिता कपूर, जयप्रकाश खन्ना, चंद्रशेखर खन्ना, रोली खन्ना, रागिनी खन्ना, डॉ. राम मेहरोत्रा आदि का सहयोग रहा।

# सामूहिक विवाह : एक दूजे के हुए 190 जोड़े

संवाददाता, कांट

- ददरौल, कांट, भावलखेड़ा और मदनापुर क्षेत्र के जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत गुरुवार को नगर स्थित संगम मैरिज लॉन में सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर ददरौल, कांट, भावलखेड़ा और मदनापुर ब्लॉक से आए 193 पंजीकृत जोड़ों का पूरे रीति-रिवाज और विधि-विधान के साथ विवाह सम्पन्न कराया गया। समारोह में नवविवाहित जोड़ों और उनके परिजनों के चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ददरौल विधायक अरविंद सिंह ने नवदंपतियों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि कन्यादान भारतीय संस्कृति में सबसे बड़ा और पुण्य का कार्य माना जाता है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए अपनी बेटियों का विवाह करना कई बार चुनौती बन जाता है, लेकिन मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ऐसे परिवारों के लिए बड़ा सहारा बनकर सामने आई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहायता के साथ सामाजिक सम्मान भी मिल रहा है, जिससे गरीब परिवारों की बेटियों का विवाह गरिमा के साथ सम्पन्न हो पा रहा है। समारोह में हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के जोड़ों के विवाह सम्पन्न कराए गए, जिससे सामाजिक सौहार्द और भाईचारे की सुंदर मिसाल देखने को मिली। सरकार की ओर से नवविवाहित जोड़ों को उपहार के रूप में घरेलू उपयोग की सामग्री भी भेंट की गई। इस अवसर पर प्रमुख महेश पाल सिंह, श्रीदत्त शुक्ला, जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल, नायब तहसीलदार कमलेश राजपूत, निवोदित सिंह, अधिशासी अधिकारी नूरजहां, खंड विकास अधिकारी इंद्र शुक्ला, बीडीओ ददरौल अमित सिंह, बीडीओ भावलखेड़ा अभिषेक अग्रवाल, एडीओ अरविंद शर्मा, अजय भदौरिया सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# वीर सावरकर और हेडगेवार को भारत रत्न देने की मांग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- सांसद अरुण सागर ने संसद में नियम 377 के तहत उठाया मुद्दा

**अमृत विचार :** सांसद अरुण सागर ने संसद में नियम 377 के अधीन शहीदों के सम्मान से जुड़ा मुद्दा उठाते हुए वीर सावरकर और डॉ. हेडगेवार को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने काकोरी कांड के महानायकों पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह की शाहजहांपुर में भव्य कांस्य प्रतिमाएं स्थापित करने की मांग भी रखी।

सांसद ने सदन में कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम के महान राष्ट्रभक्त वीर सावरकर ने अपना पूरा जीवन देश की आजादी के लिए समर्पित किया। कहा कि डॉ. हेडगेवार ने समाज को संगठित कर देशभक्ति की मजबूत नींव रखी। उन्होंने अनुशासन, सेवा और समर्पण के माध्यम से राष्ट्रनिर्माण का मार्ग दिखाया और स्वतंत्रता आंदोलन में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक रहा है। सांसद ने कहा कि शाहजहांपुर जिला स्वतंत्रता संग्राम की गौरवशाली भूमि है, जहां काकोरी आंदोलन जैसी ऐतिहासिक घटना हुई। उन्होंने सरकार से इन मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने का अनुरोध किया और कहा कि यह राष्ट्रहित और भावी पीढ़ियों के लिए आवश्यक है।

# विद्यालय समिति उन्मुखीकरण कार्यक्रम का किया आयोजन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



बीएसए सभागार में विद्यालय समिति उन्मुखीकरण कार्यक्रम में शिक्षक।

**अमृत विचार :** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सभागार में एक दिवसीय विद्यालय समिति उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आरंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता ने किया।

उन्होंने कहा कि समस्त विद्यालयों में विद्यालय प्रबंध समिति का गठन है। यदि समिति अच्छी बनी है, तो बच्चों के अभिभावकों, क्षेत्रीय लेखपाल, एएनएम का सहयोग मिलने से शिक्षकों को बल मिलता है। उन्हें विद्यालय के विकास एवं वित्तीय कार्य करने में आसानी रहती है। इसलिए चयन के समय इसका ध्यान रखा जाए। कार्यक्रम में विनोद कुमार ने विद्यालय प्रबंध समिति के दायित्वों और अधिकारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आरटीई 2009 के अनुसार सभी विद्यालयों मे इस समिति का गठन हुआ था। जिसमें 15 सदस्य थे। जिनमें 11 अभिभावकों का चयन किया जाना था। जिनमें 50 प्रतिशत महिला अभिभावकों की सहभागिता आवश्यक थी। इसके पश्चात उनमें से अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का प्रस्ताव किया जाता है। विजय कांत, इमरान सईद खां, जिला समन्वयक सतीश कनौजिया, मो लतीफ, राजेश कुमार, अमित शुक्ला, शिवेंद्र आदि रहे।

न्यूज ब्रीफ

## शिक्षिका की मौत पर सरस्वती शिशु मंदिर में अवकाश

**खुटार, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव चांदपुर निवासी संजीव बाजपेई जिला पीलीभीत के थाना सेहरामऊ उत्तरी के गांव मुरादपुर माती के सरस्वती शिशु मंदिर में प्रधानाचार्य है। उनकी 21वर्षीय पुत्री सुदर्शनीय बाजपेई नवदिया ओरीलाल गांव के बाबा मस्तराम सरस्वती शिशु मंदिर में शिक्षिका थी। सोमवार को उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत में सुधार में न होने पर परिजन उसे बरेली के निजी मेडिकल कालेज में ले गए। जहां बुधवार को इलाज के दौरान शिक्षिका का निधन हो गया। शिक्षिका की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। विद्यालय में मृतक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। और विद्यालय में एक दिन का अवकाश घोषित किया गया। श्रद्धांजलि देने वालों में चंद्रप्रकाश तिवारी प्रधानाचार्य, अजय शुक्ला, महेंद्र पाल, रामांक तिवारी, प्राची त्रिवेदी, सपना बाजपेई, रुचि शुक्ला, उपासना सहित सभी शिक्षक व छात्र मौजूद रहे।


सुदर्शनीय

## नेपाली व्यक्ति गिरफ्तार, 1.23 किग्रा अफीम बरामद

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन पुलिस ने नेपाली व्यक्ति को अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक किलो 23 ग्राम अफीम बरामद की है। वह बिहार से लाकर अफीम बेचता था। रामचंद्र मिशन थाना के उप निरीक्षक प्रवीण कुमार को गुरुवार की सुबह सूचना मिली कि सराय काइयां में एक मादक पदार्थ तस्कर खड़ा है। पुलिस ने तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया तस्कर प्रभू शाह निवासी बैरिया थाना पोखरिया जिला पर्सा नेपाल है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक किलो 23 ग्राम अफीम बरामद की है। पूछताछ के दौरान तस्कर ने बताया कि उसकी पुत्री बिहार के चंपारण जिले में रहती है। वह बिहार से बरेली अफीम लेकर जा रहा था। उसे इस कार्य के बदले में दस हजार रुपये मिलते है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक सचिन भारती आदि शामिल थे।

## छुट्टा पशुओं से लोग परेशान, गोशाला भिजवाने की मांग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** शहर से लेकर देहात तक छुट्टा पशुओं से लोग परेशान है। उन्होने गोशाला भिजवाने की मांग की है।

# दुर्घटनाओं में ठेकेदार समेत चार की मौत


## मदनापुर, आसी मिशन, अल्हागंज और पसगवां में हुए हादसे, वाहन क्षतिग्रस्त

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिले में अलग-अलग स्थानों पर सड़क दुर्घटनाओं में ठेकेदार समेत चार लोगों की मौत हो गई। मदनापुर क्षेत्र में ठेकेदार, रामचंद्र मिशन क्षेत्र में सराफा व्यापारी, पसगवां क्षेत्र में युवक और अल्हागंज में किशोर की मौत हो गई है।

मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव बिनौरा निवासी 30 वर्षीय अमरपाल उर्फ भूरे बिजनौर में ठेकेदारी का काम करते थे। बुधवार की देर रात वह बिजनौर से मीरानपुर कटरा बस से बस अड्डे पर पहुंचे। कटरा में सवारी न मिलने के कारण उन्होंने कटरा में अपने मित्र की बाइक ली। वह देर रात बाइक से कटरा से मदनापुर जा रहे थे। जलालाबाद-कटरा रोडपर रजपुरा गांव के सामने डीसीएम ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक पर सवार ठेकेदार अमरपाल घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर मदनापुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल ठेकेदार को सीएचसी मदनापुर भेज दिया। यहां डॉक्टर ने ठेकेदार को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर परिवार वाले पहुंच गए। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक को कब्जे में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


सर्राफा व्यापारी के शोकाकुल परिजन। ● अमृत विचार


ठेकेदार अमरपाल।


सर्राफा व्यापारी दीपक।


शिवा।

### ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक में मारी टक्कर

अल्हागंज थाना क्षेत्र के गांव चंपतपुर निवासी 16 वर्षीय शिवा अपने दोस्त विनय व अमित के साथ अपने फूफा की बाइक लेकर बुधवार की शाम कस्बे में नुमाइश देखने के लिए गए। तीनों लोग रात 8 बजे नुमाइश देखकर बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। हुल्लापुर गांव के समाने ट्रैक्टर-ट्राली ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार घायल हो गया। बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को सीएचसी पर भेज दिया। डॉक्टर ने शिवा को मृत घोषित कर दिया। चालक ट्रैक्टर-ट्राली छोड़कर भाग गया। मृतक शिवा तीन भाइयों में बड़ा था। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


क्षतिग्रस्त बाइक।

### अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर

लखीमपुर खीरी के थाना पसगवां के गांव मोन निवासी 25 वर्षीय पंकज कुमार बुधवार को शाहजहांपुर किसी काम से आए थे। वह रात 8 बजे बाइक से शहर से अपने गांव जा रहे थे। मोहम्मदी रोड पर मछेछा गांव के अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार पंकज घायल हो गए। पसगवां पुलिस ने घायल को यहां के मेडिकल कॉलेज भेज दिया। यहां इलाज के दौरान गुरुवार की सुबह उसकी मौत हो गई। चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि घटना पसगवा थाना क्षेत्र की है और इलाज के दौरान उकसी मौत हो गयी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### ट्रक-कार की टक्कर में सराफा व्यापारी की मौत

**शाहजहांपुर/रौसर कोठी :** हरदोई के शाहाबाद थाना क्षेत्र के पठकाना निवासी 45 वर्षीय दीपक मिश्रा सराफा कारोबारी करते थे। बुधवार की शाम सराफा व्यापारी बरेली मोड़ पर अपने निर्माणाधीन मकान को देखने के लिए कार से आए थे। देर रात वह बरेली से हरदोई कार से जा रहे थे। हरदोई रोड पर रिलायंस गेट के सामने कैप्सूल ट्रक ने उनकी कार को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। कार क्षतिग्रस्त हो गयी। सूचना पर रामचंद्र मिशन थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने लोगों की मदद से सराफा व्यापारी को कार से बमुश्किल से बाहर निकाला। उनके परिवार वालों को सूचना दी। पुलिस ने घायल सराफा व्यापारी को मेडिकल कॉलेज भेज दिया। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार वाले देर रात मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। दीपक की मौत से उनकी पत्नी वर्षा, बेटी आध्या और बेटे आर्नव का रो-रोकर बुरा हाल है। चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

**ठेकेदार नवजात बेटी को आ रहे थे देखने :** ठेकेदार अमरपाल यादव बिजनौर में ठेकेदारी करते थे। उनकी पत्नी संतरा देवी ने दो दिन पहले सीएचसी मदनापुर में तीसरी बेटी को जन्म दिया था। वह अपनी तीसरी बेटी को देखने बिजनौर से घर आ रहे थे। वह अपने पीछे नौ वर्षीय बेटे अंशुल और छह वर्षीय बेटी शगुन को छोड़ गया है।

उनके बड़े भाई अशोक की पहले मौत हो चुकी है। उसके पिता दाताराम खेती करते है। अमरपाल की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट गया है।

# फर्जी भू-स्वामी बनकर जमीन बेची, हड़पे छह लाख रुपये


पुलिस हिरासत में आरोपी शेखर। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● आरोपी गिरफ्तार, पहले से दर्ज है 10 एफआईआर

**अमृत विचार :** युवक ने फर्जी भू-स्वामी बनकर एक व्यक्ति से छह लाख रुपये धोखाधड़ी करके ठग लिए है। आरोपी ने जमीन का बैनामा करने के लिए जाली आधार कार्ड और पेन कार्ड का प्रयोग किया है। पीड़ित ने थाना सदर बाजार में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर पहले से दस मुकदमे दर्ज है।

चौक कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला द्वारिका पुरम कॉलोनी निकट अजीजगंज निवासी निमेश कुमार ने 24 जून 25 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज बनाकर कृषि की भूमि का फर्जी बैनामा कर छह लाख रुपये हड़प लिए थे। पुलिस की विवेचना के दौरान शेखर निवासी पुरैना थाना जलालाबाद को गिरफ्तार किया गया है। विवेचना में आया कि उप निबंधक कार्यालय सदर में शिवम निवासी मौजमपुर जिला बदायूं के नाम से कुल 94 किता गाटों का बैनामा करा लिया था। जबकि विक्रेता के रुप में उपस्थित व्यक्ति वास्तविक भू-स्वामी शिवम नहीं था। विवेचना से यह भी पता चला कि आरोपी शेखर ने फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड बनाकर खुद को शिवम बताया और बैनामा कराया। शेखर की पहचान वास्तविक भू-स्वामी के रूप में पहचान कर्ता अवनीश सिंह निवासी यारपुर और रामसेवक निवासी मरहया द्वारा की गई। शेखर पर पहले से दस मुकदमे विभिन्न धाराओं में दर्ज है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसके पड़ोस के गांव का अवनीश ने उससे कहा था कि वह अपने सगे भतीजे शिवम की जमीन को फर्जी तरीके से बेचना चाहता है। अवनीश के कहने पर उसने यह फर्जी कार्य किया है। सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी शेखर का चालान कर दिया गया है।

## नदी में डूब किसान का नहीं लगा सुराग

**सिधौली, अमृत विचार :** गांव महाऊ दुर्ग निवासी 45 वर्षीय रामसेवक उर्फ सुखदेव ने गाँव के दक्षिण से निकली खन्नौत नदी के किनारे स्थित खेत में फसल की रखवाली करने पत्नी सुनीता के साथ खेत पर आ गए थे। सुनीता के अनुसार बुधवार की सुबह चार बजे वह खन्नौत नदी में पानी पीने के लिए चले गए। जिसके बाद उनका कोई पता नही लगा। ग्रामीणों के अनुसार खेत के समीप नदी की गहराई बहुत ज्यादा है। पैर फिसलने से डूब जाने की आशंका जताते हुए स्वजन ने पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह ने एसडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाया और तलाश शुरू करायी गयी। टीम ने गांव महाऊ दुर्ग से दक्षिण सात किलोमीटर दूर नियामतपुर के सामने तक तलाश किया।

## हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर घायल

**तिलहर, अमृत विचार :** क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर हुए सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को इलाज के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार सड़क दुर्घटना में 23 वर्षीय नाजिम अली निवासी फतेहगंज पूर्वी तथा शोएब अली निवासी फतेहगंज पूर्वी घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत देखते हुए राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को भी दे दी गई है।

### हादसे में महिला की मौत

**निगोही, अमृत विचार :** पीलीभीत जिले के बिलसंडा थाना क्षेत्र के गांव नवदिया निवासी 60 वर्षीय उर्मिला देवी अपने रिश्तेदार नितिन के साथ निगोही थाना क्षेत्र के गांव खलीलापुर में एक कार्यक्रम में आयी हुई थी। गुरुवार की सुबह महिला अपने रिश्तेदार के साथ निगोही से बिलसंडा बाइक से जा रही थी। रास्ते में ट्रैक्टर-ट्राली ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे महिला और उसका रिश्तेदार घायल हो गए। पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी पर भेज दिया। डॉक्टर ने उर्मिला देवी को मृत घोषित कर दिया। चालक ट्रैक्टर-ट्राली लेकर भाग गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कमरे में कुंडे से लटका मिला व्यक्ति का शव

**मीरानपुर कटरा, अमृत विचार :** कमरे में कुंडे में अधेड़ का शव लटका मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना क्षेत्र के मोहल्ला तहब्बरगंज निवासी 50 वर्षीय रामकुमार के दो मकान है। उसके माता-पिता नए मकान में रहते है।

उनकी शादी नहीं हुई थी। बुधवार की शाम वह अपने पुराने मकान में गए। वह रात नौ बजे तक घर वापस नहीं आए तो परिवार वाले पुराने मकान में गए। परिवार वालों ने देखा कि रामकुमार का शव कमरे में कुंडे से रस्सी से लटका हुआ था। लोगों की भीड़ जमा हो गयी। सूचना पर कटरा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतार लिया। परिवार वालों का कोई आरोप नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कांठ में बीमारी से परेशान होकर सतीश वर्मा ने गोली मारकर की थी आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● जेब से पत्नी को बरामद हुआ सुसाइड नोट

**अमृत विचार :** कांट क्षेत्र में सतीश वर्मा ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में उसकी जेब से सुसाइड नोट मिला है। बीमारी में बहुत पैसा खर्चा हो गया था और बच्चों को परेशान नहीं देख सकता है।


सतीश।

कांट थाना क्षेत्र के गांव जिगनेरा निवासी 35 वर्षीय सतीश वर्मा की मेडिकल कॉलेज के पास परचून की दुकान थी। वह पत्नी कीमत देवी, तीन बेटियां और एक बेटे का दुकान चलाकर भरण पोषण करते थे। बुधवार की शाम साढ़े 7 बजे वह दुकान पर बैठे हुए थे। उन्होंने दुकान के अंदर ही तमंचे से गोली मार ली थी। पुलिस और परिवार वाले मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने सतीत को मृत घोषित कर दिया था। परिजनों ने पोस्मार्टम हाउस पर बताया कि उसकी जेब से एक सुसाइड नोट मिला। उन्होंने अपनी बीमारी को ही मौत का जिम्मेदार बताया है और किसी को परेशान न किया जाए। मृतक के ससुर सोनपाल ने बताया कि सतीश पिछले तीन साल से बीमार थे। तीन साल पहले उनके पित्त की थैली में दर्द उठा था। आपरेशर के बाद उनके संक्रमण फैल गया था। उनकी दिन पर दिन तबीयत खराब होती गयी। दुकान से इतनी कमाई नहीं होती थी कि वह परिवार का खर्च चला सके। जिस कारण काफी परेशान रहते थे। ससुर ने बताया कि उन्होंने बुधवार को परेशानी का अहसास नहीं होने दिया और गुमसुम घर से निकल गए थे। पत्नी को उसकी जेब मिले में सुसाइड नोट मिला। इसमें लिखा कि हम अपने बच्चों को परेशान नहीं करना चाहते है, इलाज में काफी पैसा खर्च हो गया था, इस लिए गोली मारकर आत्महत्या कर रहे है। मृतक मां-बाप का इकलौता बेटा था। उसकी पत्नी के ऊपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि युवक ने गोली मारकर आत्महत्या की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च को की जाएगी आयोजित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनीष कुमार सिंह ने आज बृहस्पतिवार को यहां आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मार्च को आयोजित की जाएगी। जिसके माध्यम से कोर्ट में लंबित सिविल और फौजदारी वादों का आपसी सुलह समझौते से निपटारा किया जा सकता है। फौजदारी वाद में जो क्षम्य प्रकृति के वाद हैं, उनका निस्तारण किया जाएगा। इसके अलावा सिविल वादों का आपसी समझौते से निस्तारण किया जाएगा।

श्री सिंह ने बताया कि मोटर चालान, बिजली, परिवार न्यायालय के वादों का भी आपसी समझौते से निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अच्छी बात यह है कि इसमें जो कोर्ट फीस होती है, उसकी लोक अदालत के माध्यम से वापसी हो जाती है। लोक अदालत में जो जजमेंट होता है, वह फाइनल व अंतिम माना जाता है। उन्होंने मीडिया से 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार का अनुरोध भी किया।

# गुवाहाटी एक्सप्रेस की चपेट में आकर लेखपाल की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** मोक्षधाम रेलवे फाटक के निकट डाउन लाइन की गुवाहाटी एक्सप्रेस की चपेट में आकर लेखपाल की मौत हो गई। वह तिलहर क्षेत्र में लेखपाल थे। वह सरकारी कार्य से पैदल आफीसर कॉलोनी की तरफ जा रहे थे। इस दौरान ट्रेन करीब 15 मिनट खड़ी रही। लोको पायलट ने कंट्रोल और स्टेशन मास्टर को सूचना दी। सदर बाजार पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। इधर प्रत्यक्षदर्शियों में चर्चा कि लेखपाल ने ट्रेन के आगे आत्महत्या की है। चौक कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बिजलीपुरा निवासी 53 वर्षीय निवासी अमरदीप सक्सेना तिलहर तहसील के गढ़िया रंगीन में तैनात थे। वह शाम को ड्यूटी करने के बाद घर आए और सरकारी कार्य से घर से निकले थे। बताते है कि वह पैदल डीएम कंपाउंड की तरफ जा रहे थे। शाम पांच बजे वह मोक्षधाम रेलवे फाटक के निकट रेल लाइन पार कर रहे थे। बरेली से लखनऊ जा रही गुवाहाटी एक्सप्रेस की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। लोको पायलट ने ट्रेन को रोक दिया। लोको पायलट रेलवे कंट्रोल और स्टेशन मास्टर को सूचना दी। ट्रेन 15 मिनट बाद लखनऊ के लिए रवाना हो गयी। स्टेशन मास्टर ने जीआरपी और आरपीएफ को मेमो दिया। जीआरपी और आरपीएफ मौके पर पहुंची और घटना स्थल थाना सदर बाजार का था। सदर बाजार पुलिस को मेमो दिया गया। सदर बाजार पुलिस शाम को मौके पर पहुंची ओर लेखपाल के शव को कब्जे में लिया। इधर उसके परिवार वालों को सूचना दी गयी। परिवार वाले मौके पर पहुंचे। घटना की सूचना पर एसडीएम सदर और तहसीलदार भी मौके पर पहुंच गए। एसडीएम सदर और सदर बाजार पुलिस ने परिवार वालों से जानकारी की। मृतक लेखपाल अमरदीप अपने पीछे पत्नी सुबोधिनी सक्सेना, बेटी मित्रविंदा और बेटे क्षितिज को छोड़ गए है। मृतक चार भाइयों में दूसरे नंबर के थे। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। इधर प्रत्यक्षदर्शियों में चर्चा है कि लेखपाल ने ट्रेन के आगे सुसाइड किया है। परिवार वाले कुछ नहीं बोल रहे है। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश सिंह ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आकर लेखपाल की मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि सुसाइड किया है या नहीं इसकी जांच की जा रही है।


मोक्षधाम रेलवे फाटक।


लेखपाल।

## तिलहर और मीरानपुर कटरा स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** कटरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. वीर विक्रम सिंह प्रिंस ने केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के साथ दिल्ली में केंद्रीय रेल एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव और रेल राज्य मंत्री रणवीर सिंह बिट्टू से मुलाकात कर क्षेत्र की रेलवे समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

मुलाकात के दौरान विधायक ने कटरा विधानसभा क्षेत्र के तिलहर और मीरानपुर कटरा रेलवे स्टेशन पर कोविड-19 के समय से बंद ट्रेनों के ठहराव को फिर से शुरू कराने की मांग की। विधायक ने मीरानपुर कटरा और तिलहर रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या 13308 गंगा सतलज एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 13152 कोलकाता एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 15128 काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस और गाड़ी संख्या 13010 दून एक्सप्रेस का ठहराव कराए जाने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि कटरा और तिलहर रेलवे स्टेशन भौगोलिक रूप से बड़े क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण हैं और यहां से लंबी दूरी की यात्रा करने वाली जनता को इन ट्रेनों की अत्यधिक आवश्यकता है। यह जानकारी अखिल भारतीय जन विकास मंच भारत के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सामाजिक कार्यकर्ता कुंवर मुनीश सिंह परिहार एड. की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई।

# परीक्षा देकर लौट रही छात्राओं से छेड़छाड़, कार्रवाई की उठी मांग

संवाददाता, तिलहर

● भारतीय किसान यूनियन पदाधिकारियों ने मुकदमा दर्ज करने की उठाई मांग

**अमृत विचार :** बोर्ड परीक्षा देकर लौट रहीं छात्राओं से छेड़छाड़ और मोबाइल छीनने के आरोप को लेकर गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी कोतवाली पहुंचे और कार्रवाई की मांग की

कोतवाली क्षेत्र के गांव नवदिया धूसर निवासी किसान नेता रमेश शर्मा ने बताया कि वह भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिला उपाध्यक्ष हैं। उन्होंने बताया कि वह छात्राओं को श्री पुत्तू सिंह चंद्रा कुमारी इंटर कॉलेज सुरजूपुर से बोर्ड परीक्षा दिलाकर बोलेरो गाड़ी से तिलहर वापस आ रहे थे। आरोप है कि रास्ते में जैतीपुर रोड पर बाइक सवार तीन युवकों ने छात्राओं के साथ इशारे करते हुए छेड़छाड़ की। जब उन्हें इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने गाड़ी रोककर बाइक सवारों से विरोध किया, जिस पर आरोपियों ने उनके साथ भी गाली-गलौज की। गाड़ी में बैठी एक छात्रा ने घटना का वीडियो बनाने का प्रयास किया तो युवकों ने मोबाइल छीन लिया, जिसे बाद में वापस किया गया। पीड़ित के अनुसार उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी, जिस पर पुलिस ने युवकों का शांति भंग में चालान कर दिया और मुकदमा दर्ज नहीं किया। इसको लेकर गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन के कई पदाधिकारी कोतवाली पहुंचे और मुकदमा दर्ज कराने के लिए कोतवाली प्रभारी को प्रार्थना पत्र दिया। इससे पहले प्रार्थी पुलिस अधीक्षक से भी मिल चुका है। इस दौरान वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष दिनेश सक्सेना, मंडल महासचिव हरिओम यादव, रमेश यादव, पप्पू गंगवार, रामदुलारे मौर्य, वेदराम गंगवार सहित कई लोग मौजूद रहे। कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल ने बताया कि शिकायत मिलने पर सुसंगत कार्रवाई की गई थी और मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सराहनीय योगदान करने के लिए महिलाओं को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** मीरानपुर कटरा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के तहत नगर पंचायत परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसमें नगर पंचायत में कार्यरत महिला सफाई कर्मियों तथा कंपोस्टिंग कार्य से जुड़ी महिलाओं को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य इन महिलाओं के द्वारा किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों को सम्मान देना तथा उन्हें आगे भी इसी प्रकार समाज और स्वच्छता के कार्यों में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर सभी आमंत्रित महिलाओं को स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में उनके सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी शिवलाल राम ने उन्हें सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र/स्मृति चिन्ह प्रदान किए। साथ ही, इस कार्यक्रम के माध्यम से नारी शक्ति को प्रोत्साहित करने का संदेश भी दिया गया, ताकि महिलाएं आत्मविश्वास के साथ समाज के विकास और स्वच्छता अभियान में अपनी सक्रिय भूमिका निभाती रहें। महिला दिवस के इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को महिलाओं के सम्मान, समानता और सशक्तिकरण का संदेश भी दिया गया।

# नरौठा हंसराम में निर्माण करने पर हंगामा

संवाददाता, खुटार

● पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बंद कराया निर्माण कार्य

**अमृत विचार:** देवस्थल के किनारे खाली पड़ी जगह पर गैर समुदाय के लोगों के द्वारा निर्माण कार्य कराए जाने पर दूसरे समुदाय के लोगों ने हंगामा कर दिया।

क्षेत्र के गांव नरौठा हंसराम में सड़क के किनारे देवस्थान के साथ ही हरदेव राजा का स्थान है। जहां पर हर साल गांव की पूजा होने के साथ ही आस पड़ोस रहने वाले लोग भी पूजा अर्चना करते हैं। इन दोनों देवस्थलों के बीच में कुछ खाली जगह पड़ी है। बताते हैं कि इस जगह पर कब्जे को लेकर हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोगों में पिछले कई सालों से विवाद चल रहा है और मामला कोर्ट में विचाराधीन है। बावजूद इसके दो दिन पहले वहां पर मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों ने जबरन निर्माण कार्य शुरू कर दिया था। जिस पर गांव में रहने वाले मिहीलाल, मनोज कुमार, भाई लाल और खुशीराम ने इस पर आपत्ति की और मामले की सूचना पुलिस राजस्व विभाग को दे दी थी। सूचना मिलते ही राजस्व निरीक्षक अरुण कुमार मिश्रा और हल्का लेखपाल नीरज कुमार गुप्ता मौके पर पहुंच गए थे और उन्होंने उक्त भूमि की पैमाइश की थी। जिसके बाद उन्होंने उक्त भूमि गाटा संख्या 37 सरकारी रास्ते की बताते हुए निर्माण कार्य पर रोक लगा दी थी और कार्रवाई की बात कही थी। लेकिन इसके बाद भी गुरुवार को गांव में रहने वाले दूसरे समुदाय के लोगों ने निर्माण कार्य को शुरू कर दिया। जिस पर मिहीलाल आदि ने इस पर आपत्ति जताई और इसकी शिकायत पुलिस प्रशासन से की। लेकिन पुलिस मौके पर नहीं पहुंची इसकी जानकारी हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) के प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र को हुई, तो वह अपने कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंच गए और उन्होंने मामले की सूचना पुलिस प्रशासन के साथ ही संगठन के संरक्षक राजेश अवस्थी को दी। इसके बाद उन्होंने मामले से उच्च अधिकारियों को अवगत कराया। इसके बाद हरकत पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया। खबर लगते ही कार्यवाहक थाना इंचार्ज सुभाष कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने तुरंत निर्माण कार्य को बंद कर दिया। अग्रिम आदेशों तक विवादित स्थल पर कार्य किए जाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

## न्यूज ब्रीफ

### 14 व 15 मार्च तक जखेली में खाद्य प्रसंस्करण शिविर

**बदायूं, अमृत विचार :** राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र के प्रभारी नवीन चन्द्र आर्य ने बताया कि मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर 14 व 15 मार्च 2026 को ब्लॉक जगत की न्याय पंचायत-जखेली में लगाया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर मे सूक्ष्म उद्योग जैसे-पापड, अचार कचरी, मसाला आटा चक्की, पास्ता आदि उद्योग लगाने हेतु प्रेरित किया जायेगा।

### सफाईकर्मी की बेटी का अपहरण

**विजय नगला, अमृत विचार :** थाना मूसाझाग क्षेत्र की एक नगर पंचायत निवासी युवक ने पुलिस में की शिकायत की है। आरोप है कि वह सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात है। हर रोज की तरह बुधवार की वह ड्यूटी पर चला गया। उसकी पत्नी किसी काम से गांव में गई थी। उसकी उसकी पुत्री घर में अकेली थी। अब वह पुत्री घर पर नहीं है। वह अपने साथ साठ हजार रुपए भी ले गई है। तलाश करने पर भी उसका पता नहीं चला है। उसने एक युवक पर उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है।

### बरातियों के बीच हुए विवाद में मारपीट

**विजय नगला, अमृत विचार :** थाना बिनावर क्षेत्र के गांव बुधपुरा में आई बरात के दौरान बरातियों के बीच मारपीट हो गई। बीच बचाव करने गए दो भाईयों को भीड़ ने पीट डाला। पीड़ितों ने थाने में तहरीर दी है। गांव बुधपुरा निवासी राजीव पुत्र सत्यपाल ने पुलिस को बताया कि बुधवार को गांव के विजयपाल की बेटी की बारात थाना बिसौली क्षेत्र के गांव लक्ष्मीपुर से आई थी। बरात के स्वागत कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। जिससे बरात में भगदड़ मच गई। दोनों पक्षों में मारपीट होता देख वह बीच बचाव करने लगे। लेकिन उन लोगों ने उन्हें ही पीट दिया। पीड़ितों ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# गर्मी : तीन दिन में फुंके 27 ट्रांसफार्मर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- अधिक लोड के चलते गुल होने लगी बिजली, लोग परेशान
- अधीक्षण अभियंता ने ट्रांसफार्मर कार्यशाला का लिया जायजा

**अमृत विचार :** गर्मी का असर अब दिखने लगा है। बढ़ती गर्मी और अधिक खपत के चलते तीन दिन में 27 ट्रांसफार्मर फुंक चुके हैं जिन्हें तत्काल ठीक करने के निर्देश दिए गए हैं। अधीक्षण अभियंता ने कार्यशाला का निरीक्षण करते हुए मरम्मत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

पिछले एक सप्ताह से गर्मी का प्रचंड रूप देखने को मिल रहा है। हर सुबह तेज धूप के साथ शुरू होती है और दिन में आसमां से आग बरसती है जिससे एक ओर गर्मी से लोग परेशान हो रहे हैं वहीं दूसरी ओर बिजली विभाग की चुनौतियां बढ़ गई हैं। गर्मी में बिजली खपत दिनो दिन बढ़ती जा रही है। ट्रांसफार्मरों पर लोड अधिक पड़ रहा है जिससे पिछले तीन दिनों में जनपद के विभिन्न स्थानों पर 27 ट्रांसफार्मर फुंक चुके हैं। तीन दिन में इतने ट्रांसफार्मर फुंकने से बिजली विभाग भी हैरत में है। विभाग ने 25 दिन पहले से ही कार्यशाला को दुरुस्त करने के निर्देश दिए थे।


### सुबह को दो घंटे देरी से आ रही बिजली

दो दिन से अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान हो रहे हैं। सभी बिजली घरों से सुबह आठ बजे की जगह दस बजे सप्लाई दी जा रही है। कहीं कहीं पर दिन में तीन से चार घंटे की कटौती की जा रही है जिससे उपभोक्ताओं में भारी रोष है। दातागंज क्षेत्र में उपभोक्ताओं की संख्या सबसे अधिक है इसलिए इस खड में ट्रांसफार्मर भी अधिक जल रहे हैं। यहां पर सैजनी में बना नया बिजली घर भी स्थानीय लोगों को बिजली दे रहा है जिससे इधर उपभोक्ताओं की संख्या अधिक है। सैजनी बिजली घर जिले की सीमा तक बिजली देता है। समरेर ब्लॉक के के करीब 47 गांवों को काट कर अब सैजनी बिजली घर से जोड़ा गया है।

### ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने की दोपहर में बिजली आपूर्ति करने की मांग

ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग से मांग की है कि दोपहर दो बजे बिजली सप्लाई न रोकी जाए। दोपहर को गर्मी होने के कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानी होती है। विभाग के शेड्यूल के अनुसार सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक सप्लाई दी जाती है। उसके बाद तीन घंटे बिजली गुल रहती है शाम को पांच बजे सप्लाई दी जाती है। अब तेज गर्मी शुरू हो चुकी है। ऐसे में दोपहर को सप्लाई दी जाए। बिनावर निवासी मुकेश और बालवीर ने गुरुवार को अधीक्षण अभियंता से मांग करते हुए कहा कि शेड्यूल बदल कर नया शेड्यूल बनाया जाए जिससे दोपहर की सप्लाई बंद न करके शाम को दो घंटे की कटौती और बढ़ा दी जाए जिससे उपभोक्ताओं को कुछ राहत मिल सके।

गुरुवार को अधीक्षण अभियंता चंद्रशेखर कुमार ने कार्यशाला का निरीक्षण किया। उन्होने कहा कि जो ट्रांसफार्मर खराब स्थिति में आ रहे हैं उन्हे तत्काल ठीक किया जाए। ट्रांसफार्मर खराब होने के



24 घंटे में दूसरा ट्रांसफार्मर मौके पर लगाया जाए जिससे स्थानीय उपभोक्ताओं को बिजली की दिक्कत न हो। कहा कि कार्यशाला में यदि किसी उपकरण और मशीन की कमी है तो बताया जाए। लेकिन काम समय पर पूरा होना चाहिए।

ट्रांसफार्मर को देख रहे अधिशासी अभियंता हरीश ने बताया कि अब हर दिन ट्रांसफार्मर जल रहे हैं जो कार्यशाला में आ रहे हैं। गर्मी अधिक होने के कारण बिजली की खपत बढ़ती जा रही है जिससे लाइनों में फाल्ट भी हो रहे हैं। ट्रांसफार्मर मरम्मत के कार्य में तेजी लायी गयी है। उपभोक्ता को शिकायत का मौका नहीं दिया जा रहा है।

## अलविदा-ईद पर रहेगी कड़ी सुरक्षा मजिस्ट्रेट तैनात

**बदायूं, अमृत विचारः** आगामी अलविदा की नमाज व ईद-उल-फितर पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। जनपद भर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएंगे। साथ ही मजिस्ट्रेट तैनात किए जाएंगे।

डीएम ने अवनीश राय ने बताया कि जनपद के 23 स्थल व क्षेत्र के लिए एक-एक मजिस्ट्रेट, नगर क्षेत्र के 12 स्थानों के लिए एक-एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट, इसके अतिरिक्त 13 अधिकारियों को आरक्षित मजिस्ट्रेट के रूप में नामित किया गया है। संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सतत भ्रमण करते हुए पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह, भड़काऊ पोस्टर, पम्फ्लेट या सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक एवं भ्रामक सामग्री प्रसारित करने वालों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

## बिसौली में सर्राफा मंडल ने किया होली मिलन कार्यक्रम



बिसौली कोतवाल को सम्मानित करते आयोजक। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** बिसौली सर्राफा मंडल ने अग्रवाल धर्मशाला में को होली मिलन समारोह मनाया।

सर्राफा व्यापार से सम्बद्ध व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल के आमंत्रण पर गुरुवार को अग्रवाल धर्मशाला में एकत्रित हुए। कार्यक्रम को यादगार बनाने को एक काव्य संध्या भी आयोजित की गई। मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित मंडल अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल उपाध्यक्ष संदीप गुप्ता कोषाध्यक्ष राम रस्तोगी ने किया। मुख्य अतिथि कोतवाल राजेंद्र पुंडीर को सम्मानित किया गया। काव्य संध्या में शायर श्रीदत्त शर्मा, हरगोविंद पाठक, विजय सक्सेना, सतीश चंद्र शर्मा, श्रीपाल शर्मा, प्रवीण अग्रवाल नादान व नरेंद्र पाल पाठक ने कविताओं से मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी ने आपस में गले मिलकर होली मिलन किया। पुष्पेंद्र नाथ गर्ग ने पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए। बिसौली चौकी इंचार्ज सुभाष सिंह भी मौजूद रहे। इस दौरान अमरीश कुमार अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, अनिल गुप्ता, पराग अग्रवाल, आलोक गर्ग, अमरदीप गर्ग ,गुंजन गोयल, राजेश रस्तोगी, नीरज रस्तोगी, तपन गुप्ता नितिन गुप्ता मितुल गुप्ता, संदीप रस्तोगी, राजेश मराठा, युग गर्ग, सुभाष गुप्ता, प्रखर रस्तोगी, राजीव रस्तोगी, राजीव अग्रवाल, अग्रिम अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, उपस्थित रहे।

# बच्चों का विकास कराना प्राथमिकता

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार द्वारा संचालित एकीकृत बाल विकास सेवाओं के तहत "पोषण भी, पढ़ाई भी" कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसके तहत गुरुवार को बाल विकास परियोजना कार्यालय अंबियापुर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सीडीपीओ राखी गुप्ता की देख रेख में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण दे रहे जिला समन्वयक प्रद्युम्न यादव ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों को पोषण स्वास्थ्य और प्री-स्कूल शिक्षा के हब के रूप में विकसित करना है। यह नई शिक्षा नीति



आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण देते जिला समन्वयक प्रद्युम्न यादव।

2020 के अनुरूप है। जो 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए पौष्टिक भोजन के साथ-साथ प्रारंभिक बाल देखभाल भी करना है।

प्रशिक्षण में अच्छा पोषण बच्चों व गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को पौष्टिक आहार और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना अति आवश्यक है। साथ ही खेल-खेल में शिक्षा स्थानीय भाषा में बच्चों में कौशल विकसित करना है। सीडीपीओ ने बताया कि यह कार्यक्रम जिलों में कमजोर सामुदायिक भागीदारी को बढ़ाने और स्थानीय स्तर पर बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर देता है। इस मौके पर मुख्य सेविका मानती देवी, मंजू दिवाकर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर ईशांत भास्कर, रितु नारायण शाक्य, मधु बाला, कमला, नुसरत सिद्दीकी के साथ ब्लॉक अंबियापुर की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की मौजूदगी रही।

## आज 4.31 लाख किसानों के खाते में आएगी सम्मान निधि

**बदायूं, अमृत विचारः** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के पात्र किसानों के खाते में हर चार माह बाद 2-2 हजार रुपये किस्त के रूप में मिलता है। इसी योजना के तहत 22वीं किस्त जिले के 4.31 लाख किसानों के खाते में शुक्रवार को आएगी। गुवाहाटी में होने वाले प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण ब्लॉक स्तर पर आयोजित किया जाएगा। जिसकी तैयारी कृषि विभाग ने कर ली है। उप कृषि निदेशक मनोज कुमार ने बताया कि 13 मार्च को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी करेंगे। किस्त असम के गुवाहाटी में आयोजित पीएम किसान उत्सव दिवस के दौरान प्रधानमंत्री जारी करेंगे। जनपद के 431225 कृषकों के खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 2000 की धनराशि भेजी जाएगी।

# बोर्ड परीक्षा समाप्त, रिजल्ट का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** हाईस्कूल कृषि विभाग और इंटरमीडिएट कंप्यूटर तथा संस्कृत विषय के पेपर के बाद यूपी बोर्ड की परीक्षा समाप्त हो गई। परीक्षा के बाद परीक्षार्थी काफी सुकून महसूस कर रहे हैं। विद्यार्थियों पिछले कई दिनों से तनाव में गुजार रहे थे। गुरुवार को हुई दोनों पालियों में हुई परीक्षा में 30 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के समय सचल दलों के साथ ही शिक्षा अधिकारी भ्रमण करते रहे। उनके द्वारा कई केंद्रों पर छापा मारा गया। लेकिन कोई नकल करते हुए परीक्षार्थी नहीं पकड़ा गया।

सुबह की मीटिंग में हाईस्कूल कृषि विज्ञान का पेपर था। जिसमें 271 बच्चे पंजीकृत थे। इनमें से 263 उपस्थित और 8 अनुपस्थित रहे। सुबह की ही पाली में इंटरमीडिएट कंप्यूटर विषय की भी परीक्षा हुई। जिसमें 252 परीक्षार्थी पंजीकृत



परीक्षा देकर बाहर आती छात्राएं ● अमृत विचार

- परीक्षा समाप्त होने के बाद सुकून महसूस कर रहे परीक्षार्थी
- अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में रिजल्ट की रहेगी संभावना, मूल्यांकन की चल रही तैयारी

> यूपी बोर्ड परीक्षा सकुशल संपन्न हो गई है। परीक्षा पूरी पारदर्शिता और नकल विहीन हुई है। अब मूल्यांकन की तैयारी चल रही है। मूल्यांकन भी बोर्ड के निर्देशानुसार कराया जाएगा।
>
> **लालजी यादव**, डीआईओएस

थे। इनमें से 243 उपस्थित और 9 अनुपस्थित रहे। कृषि, कंप्यूटर और इंटरमीडिएट संस्कृत विषय का पेपर संपन्न होने के बाद यूपी बोर्ड परीक्षा समाप्त हो गई। परीक्षा को लेकर विद्यार्थी काफी तनाव महसूस कर रहे थे। दिन रात परीक्षा में जटे रहे परीक्षार्थियों ने परीक्षा के बाद सुकून महसूस किया। करीब बीस दिनों तक चली परीक्षा में 4236 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। इधर परीक्षा समाप्त होने के बाद शिक्षा विभाग में मूल्यांकन की तैयारी चल रही है। चार कॉलेजों को मूल्यांकन केंद्र बनाया जाएगा। इनके नाम बोर्ड के लिए प्रस्तावित किए गए हैं।

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिले
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन दर्द रहित उपचार
बबासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला
कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

### बीएसए की कार्रवाई से नाराज विहिप नेता डीएम से शिकायत

**बदायूं, अमृत विचार :** अंबियापुर ब्लॉक के उच्च प्राथमिक स्कूल में नमाज के मामले में बीएसए द्वारा की गई कार्रवाई से विहिप नेताओं में आक्रोश है। उनका कहना है कि जिसने शिकायत की उसी को आरोपी बनाकर कार्रवाई कर दी गई। विहिप नेताओं ने डीएम से शिकायत कर दोबारा जांच की मांग की है। विश्व हिंदू परिषद विभाग संगठन मंत्री योगेश ने कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम अवनीश कुमार राय को ज्ञापन सौपा। कहा कि उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में नमाज अदा किए जाने संबंधी प्रकरण की जांच बेसिक शिक्षा विभाग की टीम द्वारा की गई। जिसमें नमाज पढ़ने के दोषी शिक्षक रीना देवी ,अरविंद तथा विवेक कुमार को कार्रवाई न करते हुए नमाज अदा करने से रोकने वाली शिक्षिका किरण देवी पर निलंबन की कार्रवाई की गई है।

## संविलियन विद्यालय खेड़ा दास में छात्राओं ने सीखे सुरक्षा के गुर



मां सरस्वती की पूजा करती महिला कांस्टेबल सुदेश ● अमृत विचार

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचार :** नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन के राष्ट्रीय संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए शासन द्वारा संचालित शक्ति फेज-5 के अंतर्गत संविलियन विद्यालय खेड़ा दास में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं को न केवल उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया, बल्कि विषम परिस्थितियों में अपनी सुरक्षा स्वयं करने के लिए हेल्पलाइन नंबरों का कवच भी प्रदान किया गया। थाना फैजगंज बेहटा से पहुंचे एएसआई हरिदत्त सैनी व महिला कांस्टेबल सुदेश ने छात्राओं को सुरक्षा टिप्स दिए। संचालक सर्वेश कुमार, प्रधानाध्यापक नीलम वार्ष्णेय, शिक्षिक शशिबाला, ममता यादव, सचिन कुमार सिंह ने विचार रखे। प्रधान रामसनेही, राहुल कुमार कांस्टेबल, सुधा रानी, रूबी सिंह, सुषमा रानी, शोभा रानी आदि रहे।

# जनगणना कार्मिकों को दिया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** अप्रैल माह में जनगणना का कार्य शुरू हो रहा है। जिसकी तैयारी चल रही है। इन्हीं तैयारियों के बीच कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गुरुवार को ऑडिटोरियम में जनपद स्तरीय फील्ड ट्रेनर्स के प्रथम बैच का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम 14 मार्च तक चलेगा। द्वितीय बैच का प्रशिक्षण कार्यक्रम 16 से 18 मार्च तक तथा तृतीय बैच का 23 से 25 मार्च तक निर्धारित किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर द्वारा जनगणना कार्य के लिए लगाए गए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनगणना संबंधी जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित फील्ड ट्रेनर को जनगणना 2027 के अंतर्गत हाउस लिस्टिंग एवं हाउस नंबरिंग की प्रक्रिया,



प्रशिक्षण में उपस्थित कर्मचारी। ● अमृत विचार

- 800 की जनसंख्या पर बनाया जाएगा एक एमएलबी

परिवार विवरण अंकन, भवनों के चिन्हांकन तथा लेआउट मैप तैयार करने की विधि आदि का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षणार्थियों को प्रपत्रों को सही तरीके से भरने, सूचनाओं का सत्यापन करने आदि के संबंध में भी जानकारी दी गई। जनपद में जनगणना 2027 के लिए 03 मास्टर ट्रेनर्स, 108 फील्ड ट्रेनर्स बनाए गए हैं। लगभग 1100 सुपरवाइज़र व 6700 प्रगणक (इन्यूमेरेटर) बनाए गए है। कार्मिकों को मास्टर ट्रेनर ने बताया कि एक मकान सूचीकरण ब्लॉक (एमएलबी) 800 की जनसंख्या पर बनाया जाएगा, जिसमें प्रगणक को एमएलबी एप इंस्टॉल कर कार्य करना है। नजरी नक्शे से भवनों एवं जनगणना मकानों की अपेक्षित संख्या भरनी है। घर-घर जाकर मोबाइल एप में सूचना दर्ज करनी है। डेटा को नियमित रूप से सिंक करना है। यदि किसी परिवार ने स्वगणना की है तो एसई आईडी प्राप्त कर डेटो सत्यापित करते हुए स्वीकार करना है या आवश्यकतानुसार एडिट करना है।

## बदायूं डायरी

### तरुण की हत्या के विरोध में अंबेडकर जस्टिस पार्टी ने दिया ज्ञापन



**बिसौली,अमृत विचार :** तरुण हत्याकांड के विरोध में तहसील में अंबेडकर जस्टिस पार्टी द्वारा राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा गया। ज्ञापन में हत्यारों को सख्त सजा दिलाने की मांग की गयी है। हाल ही में दिल्ली के उत्तम नगर में हुई तरुण कुमार की निर्मम हत्या के विरोध में अंबेडकर जस्टिस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल वाल्मीकि के नेतृत्व में गुरुवार को नगर के अटल चौक से तहसील कार्यालय तक एक पैदल मार्च निकाला गया और राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन नायव तहसीलदार सृजन यादव को सौंपा गया। ज्ञापन में तरुण के हत्यारों को सख्त सजा दिलाने की मांग की गई है। राहुल कुमार वाल्मीकि ने कहा कि, हमारे लिए सबसे ज्यादा जनता के मुद्दे महत्वपूर्ण है, क्योंकि हम जनता के सेवक हैं। तरुण की हत्या के दोषियों को सजा दिलाना हमारा संकल्प है। स्पष्ट किया है कि जब तक तरुण के परिवार को इंसाफ नहीं मिलता संघर्ष जारी रहेगा। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष वर्षा चौहान व शीतल, प्रदेश महासचिव पायल, मंडल अध्यक्ष अंशु चौहान,मौजूद रहे।



### आंगनबाड़ी वर्कर को मिला प्रशिक्षण

**बिल्सी।** अमृत विचार : अंबियापुर स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में बृहस्पतिवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सीडीपीओ राखी गुप्ता वर्कर्स को कार्यक्रम संबंधी जानकारी दी। जिला समन्वयक प्रद्युम्न यादव ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया। बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों को पोषण, स्वास्थ्य और प्री-स्कूल शिक्षा के हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। बच्चों के बेहतर विकास के लिए गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को भी पौष्टिक आहार और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना जरूरी है। इस मौके पर मुख्य सेविका मानती देवी, मंजू दिवाकर, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर ईशांत भास्कर, रितु नारायन शाक्य, मधुबाला, कमला आदि आंगनवाड़ी वर्कर मौजूद रहीं।



### दूसरे दिन भी धरना, सौंपा ज्ञापन

**बदायूं, अमृत विचार :** मथुरा रोड पर बन रहे हाईवे पर अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर भाकियू ने धरना प्रदर्शन शुरू दिया है। सैकड़ों ग्रामीणों के साथ प्रदर्शन कर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा गया। गुरुवार सुबह से ही एनएच 530 राजमार्ग पर ग्रामीणों पहुंचना शुरू कर दिया। भाकियू टिकैत ने अंडरपास की मांग करते हुए जिला प्रशासन को चेतावनी दी कि जब तक अंडरपास नहीं बन जाता तब तक किसान चैन से नहीं बैठेंगे। किसानों ने बुधवार को मिट्टी भरे डंपर भी वापस भेज दिए। दूसरे दिन गुरुवार को भी सैकड़ों किसानों ने धरना प्रदर्शन किया। भाकियू मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना, जिला पंचायत सदस्य मोरपाल सिंह लोधी भगवान स्वरूप शर्मा, राम प्रकाश शर्मा, चेतराम वर्मा, हीरालाल, गंगाराम, विश्राम सिंह, असलम अंसारी आदि रहे।

### राजकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने पर्यावरण सुरक्षा रैली निकाली




**बदायूं, अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय का राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का गांव रसूलपुर बिलहरी में सात दिवसीय विशेष शिविर चल रहा है। जिसके छठे दिन पर्यावरण संरक्षण पर जन जागरूकता रैली निकाली गई। स्वयंसेवकों ने गांव के सामुदायिक भवन, मंदिर एवं मस्जिद परिसर की साफ-सफाई की। साथ ही लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे गोविंद बल्लभ पंत महाविद्यालय, कछला के असिस्टेंट प्रोफेसर सुमित कुमार ने पर्यावरण संरक्षण के लिए प्राचीन भारतीय संस्कृति एवं धर्म शास्त्रों में वर्णित जीवनचर्या पर प्रकाश डाला। बताया कि वेदों और शास्त्रों में प्रकृति संरक्षण को जीवन का अभिन्न अंग माना गया है। इस मौके पर अनिल कुमार, डॉ. राकेश कुमार जायसवाल, डॉ. संजय कुमार, विपिन कुमार, काजल, रोशनी, शीतल, रजनी, ज्योति, रेनू राठौर आदि उपस्थित रहे।

अमृत विचार



न्यूज ब्रीफ

## पत्नी से परेशान युवक ने खाया विषाक्त पदार्थ

**बदायूं, अमृत विचार :** पत्नी और ससुरालीजनों से परेशान होकर सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव रूपापुर निवासी आलोक पुत्र राजेंद्र ने विषाक्त पदार्थ खा लिया। जिसके बाद वह खुद पुलिस पहुंचा और जानकारी दी। बताया कि सामूहिक विवाह योजना मे उसी शादी बिनावर क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के साथ हुई थी। जिसके बाद पत्नी कई बार उसके साथ मारपीट कर चुकी है। वह होली पर मायके गई। वापस आने के लिए फोन किया तो पत्नी और उसके परिजनों ने गाली-गलौज करते हुए झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने की धमकी दी। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराकर जांच शुरू की है।

## सीएचसी पर लगा परीक्षण शिविर

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बृहस्पतिवार को शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को मानसिक रोगों के प्रति जागरूक किया गया। शिविर का शुभारंभ विधायक हरीश शाक्य ने फीता काटकर किया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने विधायक को स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं की जानकारी दी। शिविर में पहुंचे मरीजों की मानसिक स्थिति की जांच की गई। साथ ही मानसिक विकारों से बचाव के बारे में बताया। जरूरतमंद मरीजों को परामर्श देने के साथ ही नि:शुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। इस दौरान विधायक हरीश शाक्य ने कहा कि सरकार की मंशा हर नागरिक तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। इसमें मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष पति ओमप्रकाश सागर, आदित्य महेश्वरी, राहुल शाक्य, निखिल सक्सेना, मधुप राठी, आदि मौजूद रहे।

## 15 अप्रैल तक पूरा करना है गन्ना बुवाई का लक्ष्य

**बदायूं, अमृत विचार :** बसंत कालीन गन्ना बुवाई का लक्ष्य पूरा करने को जिला गन्ना अधिकारी ने बैठक कर गन्ना पर्यवेक्षकों और चीनी मिलों को निर्देशित करते हुए 15 अप्रैल तक शत प्रतिशत गन्ना बुवाई करने को कहा है। साथ ही किसानों को गन्ने का बीज उपल्ब्ध करने की हिदायत भी दी गयी है। शासन से इस साल गन्ना विभाग को बसंत कालीन गन्ना बुवाई का 8 हजार 924 हेक्टेयर लक्ष्य दिया है। यह लक्ष्य 15 अप्रैल तक विभाग और चीनी मिलों को पूरा करना है। उक्त लक्ष्य को हर हाल में समय अवधि में पूरा करने को गुरुवार को जिला गन्ना अधिकारी अशर्फी लाल के कार्यालय में बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला गन्ना अधिकारी ने अपने सभी गन्ना पर्यवेक्षकों और जिले की दोनो चीनी मिलों को निर्देशित किया है।

# शॉपिंग मॉल में लगी आग, करोड़ों का सामान जलकर राख

### फैजगंज बेहटा के कस्बा मुड़िया धुरेकी स्थित सत्या ट्रेडर्स शॉपिंग मॉल में हादसा, मौके पर मची अफरा-तफरी, आग बुझाने को घंटों जूझीं दमकलें

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचार :** मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र स्थित कस्बा मुड़िया धुरेकी स्थित सत्या ट्रेडिंग शॉपिंग मॉल में बुधवार रात शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। अग्निशमन विभाग ने जैसे-तैसे आग पर काबू पाया लेकिन तब तक लगभग चार से पांच करोड़ रुपये का सामान जलकर राख हो गया था। थाना प्रभारी के साहस से लगभग 20 लाख रुपये का सामान बच गया। शॉपिंग मॉल का बीमा न होने की वजह से व्यापारी को खासा नुकसान हुआ है। सामान बचाते समय एक उपनिरीक्षक मामूली रूप से झुलस गए।

बिसौली नगर निवासी शुभम गर्ग पुत्र संजय गर्ग का कस्बा में शॉपिंग मॉल है। बुधवार रात वह शॉपिंग मॉल बंद करके चले गए थे। रात लगभग साढ़े दस बजे मॉल से धुआं का गुबार आसमान में उड़ने लगा। ड्यूटी पर तैनात सिक्योरिटी गार्ड ने व्यापारी और कर्मचारियों को सूचना दी। वह लोग मौके पर पहुंचे। आग की लपटें ऊंची हो गई थीं। रात में आग की रोशनी से दिन जैसा उजियारा हो रहा था। आग की भयावहता देखकर किसी ने भीतर जाने की हिम्मत नहीं जुटाई। पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचित किया गया। पुलिस सबसे पहले मौके पर पहुंची। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार वर्मा ने अग्निशमन विभाग का इंतजार किए बिना उपनिरीक्षक मुनाजिर अली व अन्य पुलिसकर्मियों के साथ मॉल से सामान बाहर निकालना शुरू किया। इस दौरान उपनिरीक्षक के हाथ मामूली रूप से झूल गए। दोनों ने मिलकर लगभग 20 लाख रुपये से ज्यादा का सामान बचा लिया। कुछ समय के बाद अग्निशमन विभाग की टीम पहुंची। तकरीबन चार से पांच घंटों तक पानी की बौछार करके आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक शॉपिंग मॉल में दर्जनों फ्रिज, वाशिंग मशीनें, एलईडी टीवी, फर्नीचर, क्रॉकरी आदि सामान जल चुका था। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि दीवारें भी चटख गईं और टीन शेड भी पिघल गए।

शुभम गर्ग ने बताया कि आग लगने से शॉपिंग मॉल का लगभग चार से पांच करोड़ रुपये का सामान जला है। मॉल का बीमा नहीं था। जिसकी वजह से पूरी जमा पूंजी आग में जल गई। गुरुवार तक मॉल से धुआं उठता रहा। थाना प्रभारी ने बताया कि बुधवार रात मॉल में आग लगी थी। करोड़ों रुपये का सामान जलने की बात कही जा रही है। हादसे के कारण का पता लगाया जा रहा है।


आग की वजह से चटखी दीवार। • अमृत विचार


मॉल में आग से जलकर राख हुआ सामान और गिरा टीनशेड। • अमृत विचार


शॉपिंग मॉल में आग के बाद टीन शेड हटाती जेसीबी। • अमृत विचार


आग लगने के बाद उठता धुआं का गुबार। • अमृत विचार


मॉल की आग बुझाने का प्रयास करते अग्निशमन कर्मचारी।

# छोटे सरकार का उर्स शुरू, पूर्व मंत्री आबिद रजा ने की चादर पोशी

- भाईचारा व देश की एकता को मांगी दुआ

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** हजरत शाह विलायत (छोटे सरकार) के उर्स के मौके पर पूर्व मंत्री आबिद रजा ने छोटे सरकार की दरगाह पर चादरपोशी व गुलपोशी की। खासतौर से दुआ की हिंदू, मुसलमान, सिख, ईसाई व हिन्दुस्तान में जितने मजहब के लोग रहते उनमें प्यार, मोहब्बत का रिश्ता मजबूत रहे, आपस में भाईचारा बना रहे। बेरोजगार को रोजगार, गरीबी खत्म हो, बीमार को शिफा मिले। बच्चों को अपने मां-बाप की इज़्ज़त की तौफीक़ अता फरमाएं। समाज में ईमानदारी व सच, उसूल की जिंदगी, बफ़ादारी बनी रहे।

पूर्व मंत्री आबिद रज़ा लगभग 20 साल से रोजाना छोटे सरकार की दरगाह पर हाजिरी लगाने जाते हैं। छोटे सरकार के उर्स के मौके पर हजारों जायरीन दरगाह पर दुआ करते हैं और फैज़ पाते हैं। इस बार छोटे सरकार के उर्स पर हजारों की भीड़ जमा हुई, कुल शरीफ़ में आने वाले जायरीनों ने अपने हक में दुआ की। पूर्व मंत्री आबिद रजा के साथ कैंप पर सभासद भूरे पीर जी, सभासद अनवर खां, सभासद नवेद, अबरार, राजा, मुशाहिद, फरहत अली, अफसर अली खां, पप्पन, रिजवान बब्लू, दानिश, अनीस सिद्दीकी, यूनुस अल्वी, कौसर अली समेत कई दर्जन लोग मौजूद रहे।


छोटे सरकार की चादरपोशी करते पूर्व मंत्री आबिद रजा व अन्य। • अमृत विचार

## सड़क पार बनाया साइकिल स्टैंड बच्चों को परेशानी

**उझानी, अमृत विचार:** कस्बे में संचालित एक वित्त विहीन इंटर कॉलेज का साइकिल स्टैंड सड़क पार बना है। जिससे हादसे की संभावना बनी हुई है। जिसकी शिकायत भाजपा नेता उमेश राठौर ने जिला विद्यालय निरीक्षक ने की थी। लेकिन शिक्षा अधिकारी ने बिना स्कूल जाए ही स्कूल को क्लीन चिट दे दी। जिस पर भाजपा नेता ने दोबारा से जांच करने की मांग की है।

कस्बे में संचालित आदर्श शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में साइकिल स्टैंड सड़क के पार बना है। भाजपा नेता का आरोप है कि सड़क पार बने साइकिल स्टैंड से कभी भी हादसा हो सकता है।

जिसकी शिकायत उनके द्वारा डीआईओएस से की थी। आरोप है कि शिक्षा अधिकारी स्कूल पहुंचे बिना ही स्कूल को क्लीट चिट दे दी। जिस पर भाजपा नेता ने डीएम से शिकायत का बच्चों के हित में दोबारा से जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

## आरटीई: दूसरी लॉटरी में 1563 छात्र-छात्राओं का हुआ चयन

- दूसरे चरण में 2065 अभिभावकों ने बच्चों के प्रवेश को किया आवेदन
- लॉटरी खुलने के बाद स्कूलों को भेजे जा रहे पत्र, प्रवेश लेने के आदेश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए प्रक्रिया जारी है। दूसरे चरण में 1563 छात्र-छात्राओं का ई-लाटरी के माध्यम से चयन किया गया। चयन होने के बाद बेसिक शिक्षा विभाग ने स्कूलों को पत्र जारी कर प्रवेश लिए जाने के निर्देश दिए गए हैं। दूसरे चरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अंतिम तीसरे चरण की भी प्रक्रिया शुरू हो गई है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पहले चरण की लॉटरी में 2590 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ था। इन सभी के निशुल्क प्रवेश कराने के लिए 865 निजी स्कूलों को आवंटन पत्र जारी किए जा चुके हैं। इनके प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है। दूसरे चरण के आवेदन 21 फरवरी से शुरू होकर 7 मार्च लिए गए थे। इस दौरान विभाग को ऑनलाइन 2065 प्राप्त हुए। इनका सत्यापन के बाद 186 आवेदन निरस्त कर दिए गए। सत्यापन करने के बाद ऑनलाइन लॉटरी प्रक्रिया को पूरा किया गया। इसमें 1565 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है। चयनित छात्र-छात्राओं का प्रवेश कराने के लिए संबंधित निजी स्कूलों को आवंटन पत्र जारी किए जा रहे हैं। तीसरे चरण के आवेदन की प्रक्रिया 12 मार्च से शुरू हो गई है। 25 मार्च तक आवेदन लिए जाएंगे। इसके बाद प्राप्त आवेदनों का सत्यापन किया जाएगा। 27 मार्च को लॉटरी निकली जाएगी। इस बार तीन चरणों में प्रक्रिया को पूरा किया जा रहा है। पिछले साल चार चरणों में प्रक्रिया पूरी की गई थी।

## गैस की कालाबाजारी की तो होगी सख्त कार्यवाही : एसडीएम

**दातागंज , अमृत विचार :** एसडीएम धर्मेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील सभागार में गैस एजेंसी संचालक की हुई बैठक में कहा गया कि घरेलू गैस सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है । गैस की कोई कमी नहीं है। शासन के निर्देशों के तहत उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर दिये जा रहे है ।

एसडीएम ने पूर्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय समय पर गैस एजेंसी के स्टाफ की जांच करते रहें । स्टाक को होल्ड न होने दे अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाए । कालाबाजारी एवं अफवाह पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाये। कहा कि अब गैस की बुकिंग 25 दिन बाद हो रही है । गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है । जिन उपभोक्ताओं की केवाईसी नहीं हुई है । उन्हे दिक्कत हो रही है । ऐसे उपभोक्ता तत्काल एजेंसी जाकर अपनी केवाईसी अपडेट करा लें जिससे गैस सिलेंडर मिलने मे दिक्कत न हो।

## क्षतिग्रस्त झूले से कटी मासूम की उंगली, परिजनों का हंगामा

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार:** प्राथमिक विद्यालय में लगे क्षतिग्रस्त झूले से 4 साल की बच्ची की उंगली कट गई। बच्ची के घायल होने की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने विद्यालय स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा काटा। साथ ही शिक्षकों के खिलाफ थाने में तहरीर दी। पुलिस ने घायल बच्ची को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा। ब्लाक सलालपुर क्षेत्र के गांव बिनावर के प्राथमिक स्कूल में झूला लगा है। झूला क्षतिग्रस्त हो गया है। गुरुवार की दोपहर के समय गांव निवासी इरशाद अली की 4 वर्षीय बेटी हिवानूर की उंगली झूले में फंस गई। उंगली काफी घायल हो गई। जिसकी सूचना मिलते ही बच्ची के परिजन स्कूल पहुंच गए। उन्होंने हंगामा काटना शुरू कर दिया।


इसी झूले घायल हुई बच्ची।

# फील्ड ऑफिसर ने मैनेजर के साथ रचा लूट का षड्यंत्र

- पुलिस ने 1.40 लाख रुपये लूट की फर्जी घटना का किया खुलासा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मुजरिया थाना क्षेत्र में माइक्रो फाइनेंस कंपनी के फील्ड ऑफिसर से 1.40 लाख रुपये की लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। रुपयों के गबन के इरादे से फील्ड ऑफिसर ने कंपनी के मैनेजर के साथ मिलकर षड्यंत्र रचा था। रुपयों को घटनास्थल के पास झाड़ियों में छिपा दिया था। पुलिस ने एक लाख 15 हजार 320 रुपये बरामद किए। आरोपियों को जेल भेजा गया है।

जिला शाहजहांपुर के थाना परौर क्षेत्र के गांव दहलिया निवासी अभिनय मिश्रा पुत्र मुरलीधर माइक्रो फाइनेंस शिखर अर्बन एंड रूरल इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में फील्ड ऑफिसर थे। कंपनी का कार्यालय सहसवान में है। मंगलवार देर शाम उन्होंने डायल 112 पुलिस को सूचना दी कि कंपनी के सदस्यों से रिकवरी के बाद वह वापस कार्यालय लौट रहे थे। रास्ते में गांव दरियापुर के खड़ंजा वाले मार्ग पर बाइक सवार तीन लोगों ने उनके साथ एक लाख 40 हजार 640 रुपये की लूट की और कोल्हाई की ओर भाग गए थे। सीओ और थाना प्रभारी ने मौका मुआयना किया था। अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया था।

पुलिस की जांच में पता चला कि फील्ड ऑफिसर अभिनय मिश्रा और कंपनी के शाखा प्रबंधक पीलीभीत के थाना जहानाबाद क्षेत्र के गांव नवादा श्यामपुर निवासी विपिन पुत्र भगवान दास ने रिकवरी के रुपये गबन करने के इरादे से फर्जी लूट का षड्यंत्र रचकर पुलिस को सूचना दी थी। रुपयों को पास में ही गमछा में बांधकर छिपा दिया था। जबकि बाकी 25510 रुपये का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कंपनी के खाते में कराया था। पुलिस ने रुपये बरामद कर लिए। खुलासा करने वाली टीम में थाना प्रभारी विदेश कुमार शर्मा व सर्विलांस प्रभारी धर्वेंद्र सिंह रहे। एसपी देहात डॉ. ह्रदेश कठेरिया ने प्रेस वार्ता करके घटना की जानकारी दी।


पुलिस की गिरफ्त में फर्जी लूट का षड्यंत्र रचने वाला फील्ड ऑफिसर मैनेजर।

# होली मिलन समारोह में दिखा भाईचारा, सबको दी बधाई


होली की लोगों को बधाई देते कुशाग्र सागर • अमृत विचार


होली मिलन कार्यक्रम में मौजूद लोग। • अमृत विचार

- पूर्व विधायक कुशाग्र सागर ने आयोजित किया था समारोह

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** बिसौली विधानसभा के पूर्व विधायक कुशाग्र सागर द्वारा कैम्प कार्यालय, पर होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें कस्बे के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लेकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं।

पूर्व विधायक कुशाग्र सागर ने क्षेत्रवासियों को होली की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि होली का पर्व भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपराओं का प्रतीक है।

हमें आपसी मतभेदों और दूरियों को भुलाकर प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का स्नेह और समर्थन ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। क्षेत्र के विकास और जनसेवा के लिए वह सदैव समर्पित रहेंगे। मंच पर जगदीश मिश्रा, धीरेन्द्र सिंह, रमेश मास्टर, राजपाल मौर्य, राम प्रकाश पाल, राधेश्याम कश्यप, शिवदयाल सागर, मंगत राम वाल्मीकि, लल्ला मियां, नंदराम प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश वार्ष्णेय, वैभव मिश्रा, पूर्व चेयरमैन वीरेन्द्र कुमार लीडर, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अमित पाठक, जिला संयोजक संदीप चौहान, जिला कार्यकारिणी सदस्य मनोज शर्मा, मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह, मनोज गुप्ता, रितेश चौहान, दिनेश राजपूत, विजय शर्मा, अजय पराशरी, रामवीर सिंह, जिला पंचायत सदस्य अमर सिंह सागर आदि उपस्थित रहे।

## गोशालाओं की भूमि पर लगाई जाएगी नेपियर घास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** गर्मी के दिनों में पशुओं को हरे चारे की व्यवस्था के लिए नेपियर घास उगाई जाएगी। शासन की ओर से पशुपालन विभाग को करीब डेढ़ लाख से अधिक नेपियर घास की जड़ उपलब्ध कराई गई है। जिसे 12 गौशालाओं में बोया जाएगा। गोशालाओं में नेपियर घास की बुवाई का काम शुरू कर दिया गया है। इस घास की एक बार बुवाई करने के बाद दोबारा से बुवाई की आवश्यकता नहीं पड़ती है। कम सिंचाई में इस घास की बेहतर पैदावार होती है।

मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी समदर्शी सरोज ने बताया कि गोशालाओं में संरक्षित पशुओं को हरे चारे की व्यवस्था के लिए शासन की ओर से नेपियर घास उपलब्ध कराई है।

### स्वास्थ्य वर्धक होती है नेपियर घास

सीवीओ समदर्शी सरोज ने बताया कि नेपियर घास दुधारू पशुओं के काफी अच्छी होती है। यह पशुओं के लिए स्वास्थ्य वर्धक है। इस घास के सेवन से गर्मियों में दिनों में दुधारू पशुओं में दूध की मात्रा अधिक बढ़ जाती है। इस घास को अगर कोई पशु अधिक खा भी लेता है उसके स्वास्थ्य पर कोई असर नहीं पड़ता। उपलब्ध हुई जड़ों की बुवाई कराई जा रही है।

> डेढ़ लाख से अधिक नेपियर घास की जड़ मिली है। इन जड़ों को 12 गौशालाओं की जमीन पर बुवाई कराना शुरू कर दिया है। पैदावार होने के बाद इसे अन्य गोशालाओं में भेजा जाएगा।
> **-समदर्शी सरोज,** मुख्य चिकित्सा अधिकारी

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें

9756905552, 8445507002

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी बी.ए. फाइनल की डिग्री वर्ष 2014 अनुक्रमांक 5305344 दिनांक 02.03.2026 को सुरेश शर्मा नगर में कहीं गिर गई है जो तलाश करने के बाद भी नहीं मिली है। **अनिल कुमार पुत्र श्री केदार नाथ निवासी मुड़िया जगरूप तहसील नवाबगंज जिला बरेली।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा आधार में नाम इंद्र जीत पुत्र कोमिल प्रसाद है ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम इंद्र जीत पुत्र कुंवर सेन दर्ज है। भविष्य में मुझे इंद्र जीत पुत्र कुंवर सेन के नाम से जाना जाए। **इंद्र जीत पुत्र कुंवर सेन परेवा सादात सेंथल बरेली**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल अंकपत्र व सनद वर्ष 2006 अनुक्रमांक 0910543, इण्टरमीडिएट अंकपत्र व सनद वर्ष 2008 अनुक्रमांक 0490460 वास्तव में कहीं खो गया है। **मंजू देवी पुत्री कलिका प्रसाद निवासी- मीरपुर हेमपुरा, पीलीभीत**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र राजीव को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारा व हमारे परिवार से उसका कोई वास्ता नहीं होगा। **सुमन पत्नी रामपाल व रामपाल पुत्र पूरनलाल निवासी ग्राम चोढेरा चोढेरी तह. तिलहर जिला शाहजहांपुर**

**बेदखली/सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मैने अपने पुत्र ज्ञान प्रकाश उर्फ सूरज को गलत चाल चलन व अभद्र व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति व अपने परिवार से बेदखल कर सम्बन्ध बिच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कृत्यों, लेनदेन व मुकदमेबाजी आदि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारे परिवार के किसी सदस्य उपरोक्त के किसी कृत्य के लिए किसी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होंगे। **भगवान स्वरूप पुत्र नत्थू लाल निवासी ग्राम राजू नगला थाना व तहसील बहेड़ी, जिला बरेली।**

**सूचना**

यह कि कुछ दिन पहले मोटर साइकिल से बरेली जाते वक्त फरीदपुर टोल टैक्स से पहले कैरी बैग में रखा हुआ मूल बैनामा कहीं गिर गया, जो कि श्रीमती अनीता अग्रवाल ने चंचल अग्रवाल से क्रय किया था जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 21.01.2006 को बही सं-1 जिल्द सं-1123 पेज 19-30 क्र.स.355 पर सब रजिस्ट्रार कार्यालय फरीदपुर में रजिस्ट्रीकृत हुआ था उक्त बैनामा मेरी प्रॉपर्टी का चेन पार्ट है किसी को मिले तुरंत सूचित करने का कष्ट करें। यदि कोई व्यक्ति इसका दुरुपयोग करता है तो बैनामा शून्य समझा जायेगा । शराफत हुसैन पुत्र मोहम्मद हुसैन निवासी मंझले मार्केट, बीसलपुर मार्ग, नियर सैफी जनरल स्टोर, कस्बा व थाना फरीदपुर जिला बरेली । मो.न. 9719974731

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पॉलिसी संख्या 222328480 में मेरा नाम भूलवश सोम देवी दर्ज हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम सीमा वती है। आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में भी मेरा नाम सीमा वती ही दर्ज है। **सीमा वती पत्नी श्री अम्बा प्रसाद निवासी ग्राम सेमीखेड़ा तहसील बहेड़ी जिला बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

